**BHADOHI POLICE**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**साइबर क्राइम पुलिस थाना,भदोही** **दिनांक-23.02.2025**

**◆श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद भदोही द्वारा साइबर फ्रॉड के शिकार दो पीड़ितों के बैंक खाते में ₹25,000/- व ₹6,000/- कुल-₹31,000/- धनराशि कराया गया वापस**

**◆स्थानान्तरित धनराशि अपने बैंक खाते में पाकर पीड़ित द्वारा किया गया भदोही पुलिस का हृदय से धन्यवाद**

जनपद में हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना को किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में आवेदिका के साथ यूपीआई के माध्यम से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फ्राड होने की शिकायत दिनांक 27.12.2024 तथा आवेदक राघवेन्द्र कुमार पुत्र विजय प्रकाश निवासी बलीपुर थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही के साथ यूपीआई के माध्यम से फ्राड होने की ऑनलाइन शिकायत दिनांक 26.11.2024 को दर्ज करायी गयी थी। साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा उक्त शिकायतों का अवलोकन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए क्रमशः 25,000/- रु0 तथा 6,000/-रु की धनराशि सम्बंधित पीड़ितों के बैंक खातों में वापस कराया गया। पीडित द्वारा अपने खाते से गयी धनराशि को वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही व साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी।

**साइबर क्राइम पुलिस टीम भदोही-**

1.प्रभारी साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद भदोही।

2.का0 रवि कुमार साइबर क्राइम पुलिस थाना।